# जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया
# Jananayak Chandrashekhar University, Ballia

पत्रांक–जे0एन0सी0यू0 / सा0प्र0 / 7871 / 2025 दिनांकः 01 मार्च, 2025

**शीर्ष प्राथमिकता / समयबद्ध**

सेवा में,

03. निदेशक शैक्षणिक,
विश्वविद्यालय परिसर।

04. प्राचार्य / प्राचार्या / प्रबन्धक
सम्बद्ध समस्त महाविद्यालय,
जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय,
बलिया।

**विषयः–माननीया कुलाधिपति महोदया की प्रेरणा से विश्वविद्यालय एवं विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों में सामाजिक कुरीतियों के अन्तर्गत 'दहेज मुक्त भारत के लिये प्रतिज्ञा' एवं 'नशा मुक्त भारत के लिये प्रतिज्ञा' कार्यक्रम आयोजित कराये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय / महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषयक राज्यपाल सचिवालय, उ0प्र0, लखनऊ के पत्र संख्याः ई–1313/32–जी0एस0/ 2025, दिनांकः 28 फरवरी, 2025 (संलग्न) द्वारा **माननीया कुलाधिपति महोदया की प्रेरणा से विश्वविद्यालय एवं विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों में सामाजिक कुरीतियों के अन्तर्गत 'दहेज मुक्त भारत के लिये प्रतिज्ञा' एवं 'नशा मुक्त भारत के लिये प्रतिज्ञा' कार्यक्रम आयोजित** कराये जाने के निर्देश प्रदान किये गये हैं।

तत्क्रम में माननीय कुलपति जी के आदेशानुसार मुझे यह कहने का निर्देश हुआ है कि **दिनांकः 07 मार्च, 2025** को वर्णित उपरोक्त कार्यक्रम का आयोजन **विश्वविद्यालय** एवं **महाविद्यालय स्तर पर कराना सुनिश्चित करें:–**

01. 'दहेज मुक्त भारत के लिये प्रतिज्ञा' एवं 'नशा मुक्त भारत के लिये प्रतिज्ञा' कार्यक्रम –12:00 बजे से 12:15 बजे तक।

**अतः** आप सभी को निर्देशित किया जाता है कि उपरोक्त **कार्यक्रम से सम्बन्धित जियों टैगिंग फोटो तथा अधिकतम 30 सेकेण्ड का वीडियों** तद्दिनांक को अपराह्न 01:00 बजे तक अनिवार्यरूपेण डॉ0 रंजना मल्ल, समन्वयक, महिला अध्ययन केन्द्र के मोबाईल नम्बर–8102652696 पर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

***नोटः– उक्त प्रतियोगिताओं के आयोजन के पूर्व अधोलिखित गूगल फार्म के माध्यम से वांछित सूचनाएँ अनिवार्यरूपेण विश्वविद्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें:–***

***Link-https://forms.gle/tMtiP3TsySPzRjfG8***

**संलग्नक–यथोक्त।**

Abhishek Tripathi
डॉ0(अभिषेक त्रिपाठी)
सहायक आचार्य,
समाजशास्त्र विभाग,
विश्वविद्यालय परिसर

(एस0एल पाल)
कुलसचिव

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषितः–

1. माननीय कुलपति जी।
2. प्रभारी वेबसाइट को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने तथा कालेज लागिन में सम्प्रेषण हेतु।
3. सम्बन्धित पत्रावली।

कुलसचिव

पताः–शहीद स्मारक, निकट सुरहा ताल, जिला–बलिया, उ0प्र0 पिन कोडः–277001
Address:- Saheed Smarak, Near Surha Taal, Dist-Ballia, U.P. Pin Code-277001
Website:-www.jncu.ac.inE-mail :- jncuballia@gmail.com

ई–मेल द्वारा

# राज्यपाल सचिवालय, उ0प्र0

**लखनऊ–226027**

संख्याःई– 1313/32–जी0एस0/2025

दिनांकः 28 फरवरी, 2025

प्रेषकः

**श्री राज्यपाल/कुलाधिपति के अपर मुख्य सचिव,**
**उत्तर प्रदेश।**

सेवा में,

कुलपति/निदेशक
समस्त राज्य विश्वविद्यालय/संस्थान
**उत्तर प्रदेश।**

महोदय/महोदया,

कृपया दिनांक 13.02.2025 एवं 21.02.2025 को हुयी बैठक का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसमें माननीया कुलाधिपति महोदया की प्रेरणा से सामाजिक कुरीतियों के अन्तर्गत दहेज मुक्त भारत एवं नशा मुक्त भारत की प्रतिज्ञा कार्यक्रम दिनांक 07.03.2025 को अपरान्ह 12:15 बजे से विश्वविद्यालय एवं उनसे सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों में एक साथ आयोजित किये जाने के निर्देश दिये गये हैं।

2. **''दहेज मुक्त भारत के लिए प्रतिज्ञा''** एवं **''नशा मुक्त भारत के लिए प्रतिज्ञा'' दोनों शपथ कार्यक्रम दिनांक 07.03.2025 को निर्धारित समय अपरान्ह 12:15 बजे से** विश्वविद्यालयों एवं उनसे सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों तथा गोद लिये गावों में एक साथ आयोजित किया जायेगा। कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले छात्र–छात्राओं एवं अन्य प्रतिभागियों का पंजीकरण विश्वविद्यालय स्तर पर किया जायेगा, जिसमें प्रतिभागी का नाम, पता, मोबाइल संख्या आदि का स्पष्ट अंकन होगा।

3. इस सम्बन्ध में **''दहेज मुक्त भारत के लिए प्रतिज्ञा''** एवं **''नशा मुक्त भारत के लिए प्रतिज्ञा''** का प्रारूप संलग्न कर प्रेषित करते हुए मुझे आपसे यह कहने का निदेश हुआ है कि उपर्युक्त दोनों शपथ कार्यक्रम आयोजित करते हुए कार्यक्रम की जीओ टैग फोटोग्राफ्स एवं अधिकतम 30 सेकेण्ड का वीडियो, पेन ड्राइव पर तथा कार्यक्रम के सम्बन्ध में आख्या व प्रतिज्ञा में प्रतिभाग करने वाले समस्त प्रतिभागियों की संख्या संलग्न निर्धारित प्रारूप पर भौतिक रूप से दिनांक 08.03.2025 को मध्यान्ह 12:00 बजे तक इस सचिवालय को अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

28/2/25

**संलग्नकः यथोक्त।**

**(डॉ. सुधीर एम. बोबडे)**
कुलाधिपति के अपर मुख्य सचिव

## दहेज मुक्त भारत के लिए प्रतिज्ञा

मैं प्रतिज्ञा करता हूँ कि विवाह के पवित्र बन्धन को दहेज रूपी सौदे से मुक्त रखूंगा। स्वयं दहेज न लूंगा और न ही दूंगा। दहेज लेने वालों और देने वालों का विरोध करूंगा और लोगों को इसके दुष्परिणामों से अवगत कराऊंगा। अपने परिवार, मित्रों, और समुदाय को दहेज प्रथा के खिलाफ जागरूक करूंगा, पारिवारिक सम्बन्धों की मधुरता के प्रति संवेदनशील होने का दायित्वबोध कराऊंगा।

अपने जीवन में पूरी निष्ठा और ईमानदारी से भारत को एक दहेज मुक्त, समतामूलक, जिम्मेदार और स्वस्थ विचारों का पोषक समाज बनाने के लिए प्रतिबद्ध रहूंगा।

जय हिंद जय भारत

****************************

## नशा मुक्त भारत के लिए प्रतिज्ञा

मैं प्रतिज्ञा करता हूँ कि किसी भी प्रकार के नशे अथवा मादक पदार्थ का सेवन न स्वयं करूंगा, न ही अन्य को प्रोत्साहित करूंगा । नशे से शारीरिक, मानसिक और सामाजिक दुष्प्रभावों के बारे में परिवार मित्र, समाज व जन–जन को जागरूक करूंगा। किसी भी प्रकार के नशे के व्यापार की जानकारी मिलने पर मैं प्रशासन को इसकी सूचना दूंगा और कानूनी कार्यवाही का समर्थन करूंगा।

मेरा भारत देश एक नशा मुक्त, स्वस्थ, प्रगतिशील व समृद्ध राष्ट्र कहलाए इसके लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध रहूंगा।

जय हिंद जय भारत

28/12/25